an>

Title: Regarding setting up of an Airport in Dhanbad, Jharkhand

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद): झारखंड राज्य का धनबाद जिला सबसे अधिक राजस्व देने वाला जिला है । धनबाद को देश के कोयला राजधानी कहा जाता है । यहां देश के कोयला कर्मचारियों के प्रोविडेंट फंड का मुख्यालय है । डायरेक्टर जनरल ऑँफ माइन्स सेफ्टी का मुख्यालय है । यहाँ देश के सेंट्रल फ्यूल रिसर्च स्टेशन, माइंस रिसर्च जिसे सिम्फ़र कहा जाता है, के मुख्यालय स्थित है । भारत कोकिंग कोल का मुख्यालय तथा कोलियरिस हैं । इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स आई॰आई॰टी॰ है । मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज है । सिंदरी में खाद कारखाना, डी॰वी॰सी॰ के दो प्रोजेक्ट मैथन तथा पंचेत अवस्थित है । कपड़े के थोक व्यापार की बड़ी मंडी एवं मोटर पार्ट्स की भी बड़ी मंडी है । हवाई सेवा नहीं होने के कारण धनबाद के जिलों के लोगों को कई प्रकार की दिक्कतें आ रही है ।

अतः नागर विमानन मंत्री से आग्रह होगा कि यहां हवाई अड्डा बनाने की कृपा करें ।